# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 अगस्त, 2023

अंक : 483


## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 220 वीं तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न





दिनांक 29.08.2023 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 220 वीं तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक तकनीकी (संचालन)/निदेशक (कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी एवं निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना) श्री ए. के. सिंह उपस्थित रहे।

उप महाप्रबंधक (कार्मिक/औ.संबंध)/ राजभाषा प्रमुख श्री आर. के. सिंह ने सी.एम.डी श्री मनोज कुमार एवं निदेशक तकनीकी (संचालन)/निदेशक कार्मिक श्री जे. पी. द्विवेदी एवं महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री ए. के. दीक्षित ने श्री ए. के. सिंह निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) का पुस्तक भेंट कर स्वागत किया।

सी. एम. डी, श्री मनोज कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है। अतः इस भाषा के प्रयोग से सभी अंश धारकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने सभी से अधिकतर कार्य हिंदी में करने के निर्देश दिए। उन्होंने सितंबर माह में राजभाषा पखवाड़े को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए कहा और सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दी। उन्होंने 14-16 सितम्बर, 2023 को पुणे (महाराष्ट्र) में होने वाले तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी दिवस की गतिविधियों पर चर्चा की। सभी ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में राजभाषा पखवाड़े के दौरान हिंदी के महान साहित्यकार श्री हरिशंकर परसाई जी की जन्म सदी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम/नाटक मंच को प्रमुखता दिए जाने पर सहमति जताई। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय एवं क्षेत्रों में समृद्ध पुस्तकालय बनाए जाने पर जोर दिया गया।

निदेशक तकनीक (संचालन)/निदेशक (कार्मिक) श्री जे.पी. द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी को स्वैच्छिक रूप से हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में सहभाग लेना चाहिए। निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) ने राजभाषा के उन्नयन में वर्तमान तकनीक के उपयोगी की बात पर बल दिया। सी.एम.डी एवं निदेशक गण ने राजभाषा विभाग के प्रयासों की सराहना की।

बैठक में सभी क्षेत्रों तथा मुख्यालय के विभागों की हिंदी पत्राचार की स्थिति की समीक्षा की गई। इस संबंध में प्रस्तुत, हिंदी पत्राचार के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया एवं हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने की बात पर बल दिया गया।

बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष गण एवं क्षेत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्वागत संबोधन श्री आर. के. सिंह ने दिया एवं बैठक का संचालन डॉ. मनोज कुमार, उप प्रबंधक (राजभाषा) ने किया। इस अवसर पर सभी को हिंदी साहित्य की पुस्तकें भेंट की गई।





## कोल इंडिया के वरि. सलाहकार (सुरक्षा), श्री ए. के. पटेरिया, भा.पु.से रहे वेकोलि के दौरे पर



कोल इंडिया के वरि. सलाहकार (सुरक्षा), श्री ए.के.पटेरिया, भा.पु.से ने नागपुर स्थित वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का दिनांक 20 से 23 अगस्त 2023 तक सुरक्षा निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान वेकोलि में नई सुरक्षा प्रणाली, आधुनिक तकनीकी के प्रयोग, खदानों में सुरक्षा के रख-रखाव, विभिन्न नीतियां, सूचना प्रौद्योगिकी अदि पर उनका बल रहा। उनके दौरे में वेकोलि के उमरेड, चंद्रपुर एवं माजरी क्षेत्रों की विभिन्न खदानों, कांटा घर, मैगजीन आदि के निरीक्षण का समावेश रहा।

श्री पटेरिया ने सर्वप्रथम सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान कौशल विकास केंद्र का मुआयना किया तथा प्रशिक्षु वर्ग से मुलाकात की। उन्होंने प्रशिक्षकों से विभिन्न कार्यप्रणाली पर जानकारी प्राप्त की। सुरक्षा विभाग द्वारा वरीय सलाहकार को दिनांक 21 अगस्त 2023 को सम्मान गार्ड प्रदान किया गया।

उसके पश्चात श्री पटेरिया ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की उमरेड खदान का निरीक्षण किया। इसके उपरान्त श्री पटेरिया ने नागपुर मुख्यालय स्थित कार्यालय में कंपनी के निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय म्हत्रे से औपचारिक मुलाकात की तथा सुरक्षा के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

श्री पटेरिया ने नागपुर के पुलिस अधिक्षक (ग्रामीण) श्री विशाल आनंद, भा.पु.से तथा पुलिस अधीक्षक, चंद्रपुर श्री रविंद्रसिंह परदेसी, भा.पु.से से सुरक्षा संबंधित गतिविधियां जैसे प्राथमिकी दर्ज विवरण, अनाधिकृत कोयला व्यापार, लोहा चोरी आदि पर अंकुश लगाने संबंधित विस्तृत वार्तालाप किया।

इस दौरे में श्री पटेरिया के साथ वेकोलि के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ले.क विक्रान्त मलहन तथा कोल इंडिया के मुख्य सुरक्षा अधिकारी मेजर ए.पी सिंह एवं मुख्य प्रबंधक (ई एंड टी) श्री रेड्डी नभी साथ रहे।





## POSH एक्ट के प्रावधानों एवं जेंडर बजटिंग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण



दिनांक 31.08.2023 एवं 01.09.2023 को वेकोलि के प्रबंध विकास संस्थान, मानव संसाधन विकास विभाग में POSH एक्ट के प्रावधानों एवं जेंडर बजटिंग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों तथा मुख्यालय में कार्यरत महिला व पुरुष अधिकारियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा जारी जेंडर बजट नीति के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विषय के जानकार व्याख्याताओं ने प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में विभिन्न न्यायालयों द्वारा संबंधित प्रकरणों पर दिए गए निर्णयों के विषय में भी जानकारी दी गयी।



## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने की सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक



राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एन.सी.बी.सी), भारत सरकार , नई दिल्ली के माननीय अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने दिनांक 25 अगस्त 2023 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के वणी क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक की।

प्रारंभ में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने माननीय अध्यक्ष एन.सी.बी.सी का स्वागत किया। तत्पश्चात सीएमडी श्री मनोज कुमार ने विस्तार से सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। माननीय अध्यक्ष एन.सी.बी.सी ने सुरक्षा संबंधी अपने सुझाव दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, चंद्रपुर श्रीमति रिना जनबंधु, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, यवतमाल श्री पियुश जगताप, वणी के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री आभाष चंद्र सिंह, चंद्रपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री संजय वैरागड़े, वणी नॉर्थ क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सपन श्रीवास्तव, माजरी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री इलियाज हुसैन, बल्लारपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक (सं) श्री वि. के. नामदेव, तथा वेकोलि मुख्यालय के महाप्रबंधक (सुरक्षा / जनसंपर्क / मानव संसाधन विकास / प्रशासन) श्री पी. नरेंद्र कुमार तथा मुख्य सुरक्षा अधिकारी ले. क. विक्रांत मल्हन प्रमुखता से उपस्थित रहें। इस अवसर पर क्षेत्रों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## ई7 ग्रेड के अधिकारियों के लिए साक्षात्कार कौशल पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित





वेकोलि मुख्यालय के प्रबंधन विकास संस्थान में ई7 ग्रेड के अधिकारियों के लिए साक्षात्कार कौशल पर 28 एवं 29 अगस्त, 2023 को विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सिविल, ईएंडएम, उत्खनन, ईएंडटी, वित्त, कार्मिक, चिकित्सा तथा सिस्टम विभागों के ई7 ग्रेड के अधिकारियों ने भाग लिया। सीएमडी डब्ल्यूसीएल श्री मनोज कुमार ने साक्षात्कार-पैनल के सदस्य के रूप में अपने प्रतिभागियों से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने आशा जताई कि इस सत्र के बाद, डब्ल्यूसीएल के अधिकांश अधिकारी सफल उम्मीदवारों की सूची में होंगे। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएँ दी। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण को डॉ. एस. रामु और श्री के नरेंद्र ने बतौर विशेषज्ञ प्रशिक्षक पूर्ण कराया। इस कार्यक्रम के दौरान सीएमडी श्री मनोज कुमार के साथ निदेशक तकनीकी/कार्मिक श्री जे.पी. द्विवेदी तथा निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह की भी साक्षात्कार-पैनल के सदस्य के रूप में उपस्थिती रही।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर अंतर-निदेशालय हॉकी (पेनल्टी शूटआउट) प्रतियोगिता का आयोजन




राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में वेकोलि मुख्यालय में दिनांक 29 अगस्त 2023 को कर्मियों ने FitIndia शपथ ली। सीएमडी श्री मनोज कुमार ने शपथ का वाचन किया, जिसे सभी उपस्थित कर्मियों ने दोहराया। साथ ही, खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यालय में अंतर-निदेशालय हॉकी (पेनल्टी शूटआउट) प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) एवं निदेशक (कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह की विशेष उपस्थिति रही। अंतर-निदेशालय हॉकी (पेनल्टी शूटआउट) प्रतियोगिता का विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी गण तथा उपस्थित खेल प्रेमियों ने आनंद लिया।

उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 29 अगस्त को पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। हॉकी के जादूगर के नाम से विख्यात मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को हुआ था और उन्हीं के सम्मान में इस दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने हॉकी में ओलंपिक गोल्ड मेडल दिलवाने में सबसे अहम भूमिका निभाई थी और अपने करियर में 500 से ज्यादा गोल किए थे।






